इण्डिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैन्स कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
India Infrastructure Finance Company Limited
(A Govt. of India Enterprise)
IIFCL
ISO 9001:2015

संदर्भ: आईआईएफसीएल /आरटीआई/2016-17/13/ 23305

दिनांक: 31 मार्च, 2017

श्री पदम सिंह
सुपुत्र श्री मदन सिंह
सुभाष नगर, सत्ता
बुलंदशहर-उ.प्र. (203001)

विषय: आईआईएफसीएल के मानव संसाधन (एचआर) के संदर्भ में श्री पदम सिंह से प्राप्त आरटीआई आवेदन

महोदय,

यह पत्र आईआईएफसीएल के मानव संसाधन (एचआर) के बारे में आपके आरटीआई पत्र सं. 22/25/2017 दिनांक 3 मार्च, 2017 के संदर्भ में है जो इस कार्यालय को 08 मार्च, 2017 को प्राप्त हुआ था। मांगी गई सूचना का बिंदु-वार विवरण अनुलग्नक-I के तौर पर उपलब्ध कराया गया है।

धन्यवाद,

भवदीय,
कृते इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड,

डॉ. एस.एस. गर्ग
महाप्रबंधक एवं मुख्य जनसूचना अधिकारी

संलग्नक: अनुलग्नक-I

प्रति: श्री अरूण कुमार (सीपीआईओ एवं अवर सचिव)
द्वितीय तल, जीवन दीप भवन,
संसद मार्ग, नई दिल्ली

पंजीकृत कार्यालय : 8 वीं मंजिल, हिन्दुस्तान टाईम्स हाउस, 18 & 20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001 दूरभाष : 91–11–23708263–64 फैक्स : 91–11–23766256, 23730251
Regd. Office : 8th Floor, Hindustan Times House, 18 & 20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi-110001 Phone : 91-11-23708263-64 Fax : 91-11-23766256, 23730251
CIN : U67190DL2006GOI144520 वैबसाईट/Website : www.iifcl.org ई–मेल/E-mail : info@iifcl.org
स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
हिन्दी में काम करना आसान है, इसका प्रयोग बढ़ाइए।

आरटीआई अधिनियम, 2005 के तहत श्री पदम सिंह द्वारा मांगी गई सूचना

आईआईएफसीएल से श्री पदम सिंह के प्रश्नों का क्रमवार उत्तर इस प्रकार है:

क्र.सं.	आरटीआई के प्रश्न	आईआईएफसीएल के प्रत्युत्तर
1	कथन है कि अनुसूचित जाति के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत राज्य स्तर व राष्ट्रीय स्तर पर दी जाने वाली कितनी प्रकार की योजना लागू की गई है अथवा नहीं। अवगत कराने का कष्ट करें।	आईआईएफसीएल बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के विकास एवं वित्तपोषण हेतु एक विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) है। कंपनी परियोजनाओं के वित्तपोषण का कार्य करती है एवं कंपनी द्वारा खुदरा ऋण (रीटेल लोन) का कार्य नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार, आईआईएफसीएल में प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार हेतु ऋण उपलब्ध कराने वाली कोई योजना विद्यमान नहीं है।
2	कथन है कि अनुसूचित जाति के लोगों के लिए प्रधानमंत्री योजना के तहत बैंकों के माध्यम से दिये जाने वाले किस प्रकार के ऋण व किन-किन बैंकों से ऋण स्वीकृत किए जाते हैं अथवा नहीं। अवगत कराने का कष्ट करें।	चूंकि आईआईएफसीएल बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं का वित्तपोषण करती है एवं खुदरा ऋण (रीटेल लोन) के वित्तपोषण का कार्य नहीं करती है, अत: आईआईएफसीएल में प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराने वाली कोई योजना विद्यमान नहीं है।
3	कथन है कि अनुसूचित जाति के लोगों के लिए प्रधानमंत्री जी के द्वारा दी जाने वाली सभी योजनाओं को राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तर पर सत्यापित कॉपी के साथ उपलब्ध कराने का कष्ट करें।	उपरोक्त उत्तर संख्या 1 एवं 2 को देखते हुए यह प्रश्न आईआईएफसीएल को लागू नहीं है।